24/02/2025

आकाशवाणी ईटानगर

राष्ट्रपति आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में ग्लोबल साउथ की महिला शांति सैनिकों के सम्मेलन के प्रतिभागियों के समूह को संबोधित करते हुए कहा कि महिला कर्मियों के उच्च प्रतिशत वाले शांति मिशन हिंसा को कम करने और दीर्घकालिक शांति समझौते प्राप्त करने में अधिक प्रभावी रहे हैं। महिला शांति सैनिक “Women in Peacekeeping: A Global South Perspective” विषय पर एक सम्मेलन में भाग लेने के लिए नई दिल्ली में उपस्थित है। इस कार्यक्रम का आयोजन विदेश मंत्रालय द्वारा रक्षा मंत्रालय और संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना केंद्र, नई दिल्ली के साथ साझेदारी में किया जा रहा है।

0000000000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज दोपहर बिहार के भागलपुर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की 19वीं किस्त जारी की। इस योजना के 9.8 करोड़ लाभार्थी किसानों के बैंक खातों में सीधे 22 हजार 700 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता राशि जारी की गई। यह कार्यक्रम पीएम-किसान की छठी वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित किया गया था।

0000000000000000000

भारतीय रिजर्व बैंक ने आज वित्तीय साक्षरता सप्ताह 2025 का शुभारंभ किया है। इस वर्ष का विषय है **"वित्तीय साक्षरता - महिला समृद्धि"** और यह अभियान 24 से 28 फरवरी तक अयोजित की जाएगी।

अरुणाचल प्रदेश में, इस अभियान का शुभारंभ आरबीआई क्षेत्रीय कार्यालय ईटानगर के महाप्रबंधक अभिजीत मजूमदार द्वारा ईटानगर स्थित डी.के. कन्वेंशन सेंटर में किया गया। इस अवसर पर श्री मजूमदार ने कहा कि, इस वर्ष की थीम महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने पर जोर देती है। अभियान के हिस्से के रूप में, बैंकों को अपनी वेबसाइटों, एटीएम, मोबाइल एप्लिकेशन और अपनी शाखाओं में डिस्प्ले बोर्ड पर आरबीआई द्वारा विकसित पोस्टर प्रदर्शित करके जागरूकता फैलाने का निर्देश भी दिया गया है

RBI Byte

0000000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज दोईमुख के सोपो में 50 बिस्तरों वाले कैदियों के छात्रावास का उद्घाटन करते हुए, जरुरतमंद लोगों की देखभाल और उन्हें आश्रय प्रदान करने में निस्वार्थ समर्पण के लिए दीपक नाबाम की सराहना की। मुख्यमंत्री ने आज एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि श्री नाबाम के अथक सेवा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मन की बात में कार्यक्रम के जरिए सराहा है। उन्होंने बताया कि 21,000 वर्ग मीटर में फैला 'ए होम फॉर नो होम' छात्रावास दीपक नाबाम लिविंग होम की मेरी 2021 की यात्रा के दौरान दिए गए आश्वासन की पूर्ति है। इस अवसर पर श्री खांडू ने सोपो में मानसिक रूप से विकलांगों के लिए हाफवे होम की आधारशिला भी रखी।

0000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज अपने एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से यह जानकारी साझा की हैं कि, अरुणाचल प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत इस महिने की 21 फ़रवरी को सभी आवासों का निर्माण सौ प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। इस योजना के तहत राज्य में कुल 35,591 आवसों का निर्माण पूरा किया गया है। श्री खांडू ने इस उपलब्धि को आवास योजना के तहत एक मील का पत्थर बताते हुए कहा कि, योजना के माध्यम से असंख्य परिवारों के लिए सुरक्षा, सम्मान और बेहतर भविष्य सुनिश्चित होगा। मुख्यमंत्री ने इस योजना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया।

0000000000000000000

तवांग के डी सी कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में आज उपायुक्त कांकी दारांग की अध्यक्षता में एक समीक्षा-सह-जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रमुख स्वास्थ्य कार्यक्रमों पर क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण भी शामिल था। स्वास्थ्य अधिकारियों को संबोधित करते हुए, उपायुक्त ने उपलब्धियों का आकलन, सेवाओं का मूल्यांकन और आगे के सुधारों के लिए चुनौतियों की पहचान करने में ऐसी समीक्षा बैठकों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने जिले में विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक लागू करने में चिकित्सा अधिकारियों और सहायक कर्मचारियों के समर्पित प्रयासों की सराहना की। स्वास्थ्य सेवा वितरण को बढ़ाने और मौजूदा चुनौतियों को दूर करने की रणनीतियाँ, सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ सुनिश्चित करने के लिए जिले की प्रतिबद्धता को मजबूत करना चर्चा के कुछ प्रमुख क्षेत्र थे।

000000000000000000000

मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, जिला परामर्श केंद्र, तवांग ने आज "टारगेटेड इंटरवेंशन फ़ॉर इंजाईटी डिसोडर, स्ट्रेस, डिप्रेशन, PTSD और जनरल मेंटल हेल्थ" के तहत एक व्यापक पहल शुरू की। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तत्वावधान में इस पहल का उद्देश्य मनोवैज्ञानिक देखभाल तक पहुँच, जागरूकता को बढ़ावा देना और तवांग जिले में प्रभावी मानसिक स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन तवांग के डिप्टी कमिश्नर, कांकी दारांग ने किया।

0000000000000000000000

भारतीय मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए अरुणाचल प्रदेश के पापुम पारे, लोअर सुबनसिरी, वेस्ट सियांग, सियांग, ईस्ट सियांग, अपर सियांग, लोअर सियांग, लोअर दिबांग वैली, दिबांग वैली, लोहित, नामसाय, आंजाव, चांगलांग, तिराप, लोंगडिंग, कामले और लेपा-रादा जिले के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बारिश और बिजली गिरने का अनुमान व्यक्त किया है। तवांग, अपर सुबनसिरी, शियोमी और अपर सियांग जिले के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी का भी अनुमान है।

0000000000000000000000